# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 29 अक्तूबर 2025
कार्तिक शुक्ल अष्टमी
विक्रम संवत 2082


PAGE NO : 04 BOTTOM

क्रिकेट

पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक रहे दोनों सेमीफाइनल मैच

## स्टेडियम और एसआरएमएस फाइनल में, मुकाबला आज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले मंगलवार को खेले गए। स्टेडियम और एसआरएमएस ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। आज प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला क्रिकेट नर्सरी और स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिकेट नर्सरी की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर केवल 98 रन ही बना सकी। आकाश कुमार ने नाबाद 39 रन बनाए।

स्टेडियम की टीम ने 16.5 ओवर में ही तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विपिन कुमार ने सर्वाधिक 27, कुणाल ने 24 और सुमित मौर्य ने नाबाद 23 रन का योगदान दिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विपिन कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में एसआरएमएस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 129 रन बनाए। अभिमन्यु ज्वाला ने 45 और आदित्य यादव ने 31 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरेली क्रिकेटर्स की टीम एसआरएमएस की धारदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 15.6 ओवर में मात्र 55 रनों पर ढेर हो गई।

एसआरएमएस के लिए रिजवान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट के आयोजक व क्रिकेट प्रशिक्षक नितेश भारद्वाज ने बताया कि खिताबी मुकाबला बुधवार की सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।

मैच में अंपायरिंग मनोज सागर, बंटी मौर्य, शिवांशु पांडे और अरुण यादव ने की। स्कोरिंग की जिम्मेदारी अब्दुल वासिफ ने संभाली। बरेली वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. मुजाहिद हसन खान, जयपाल उपाध्याय और ओपी कोहली आदि मौजूद रहे।



मुकाबले में शॉट लगाता खिलाड़ी। संवाद